## Cross-cutting issues: Environment & sustainability related activities

### Environment Day is celebrated in the Department of Zoology, CMP Degree College

World Environment Day was celebrated on June 5, 2023, in the Zoology Department of Chaudhary Mahadev Prasad College, Prayagraj. In this program, the coordinator of the department, Dr. Neerja Kapoor told that the first Environment Day was celebrated in Stockholm in 1973 with the theme 'Only One Earth'. The United Nations had established 'World Environment Day'. Every year since 1973, this day is celebrated on the 5th of June. In this program, Dr. Hemlata Pant said that the theme of World Environment 2023 is the 'Beat plastic pollution', so we should not use things made of plastic and focus on the solution to plastic pollution. In this program, Dr. Jyoti Verma said that pollution is increasing due to the continuous cutting of trees, due to which negative impact on our ecosystem, so the main objective of celebrating World Environment Day is to protect the environment from this harm. In this sequence, tree plantation was also done on the premises of the Department of Zoology. All the students of MSc IV Semester (Environmental Science) participated in the program.






## सीएमपी डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के के स्वयंसेवकों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

आज दिनांक 5 जून 2023 को चौधरी महादेव प्रसाद डिग्री कॉलेज प्रयागराज में राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट संख्या 71 के स्वयंसेवकों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर इस बार की थीम प्लास्टिक पोलूशन की समस्या का हल के आधार पर कार्यक्रम आयोजित किया गया ।आज के कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा प्लास्टिक की पुरानी बोतलों को लेकर तथा बड़े आकार के डब्बो पेंट करके उनमें पौधे लगाकर उनसे वर्टिकल गार्डन तैयार किया गया। आम जनता को प्लास्टिक वेस्ट के बारे में जागरूक करने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों द्वारा पुरानी बोतलें और डब्बो को लेकर रैली निकाली गई और प्लास्टिक पोलूशन के निराकरण के लिए नारे लगाए गए । आज के कार्यक्रम का आयोजन यूनिट 71 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ यशवंत कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान विभाग के निर्देशन में किया गया कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर अजय प्रकाश खरे सर कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ मीना राय डॉक्टर सरिता श्रीवास्तव डॉ दीपक कुमार गोंड आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश कुमार यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ राम चिरंजीव के द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी को शपथ भी दिलाई गयी।













## सीएमपी डिग्री कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।

सीएमपी डिग्री कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग और आईक्यूएसी ने दिनांक 5 जून 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस के पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया । जिसमें कॉलेज के बच्चों ने वर्टिकल गार्डनिंग के बारे में जानकारी दी गई तथा प्लास्टिक के उपयोग को कैसे कम किया जा सकता है बताया गया। इस अवसर पर बच्चों ने कॉलेज कैम्पस को पालीथिन मुक्त करने का संकल्प लिया और लोगो को पालीथीन का उपयोग कम करने के लिए रैली के माध्यम से जागरूक भी किया गया| इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो.अजय प्रकाश खरे ने बच्चो को प्लास्टिक कम से कम उपयोग करने की सलाह दिया। डॉ सरिता श्रीवास्तव ने वर्टिकल गार्डनिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपक कुमार गोंड ने किया तथा डॉ.

यशवंत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस मौके पर वनस्पति विभाग के डॉ आलोक कुमार सिंह, डॉ संजय सिंह,डॉ, मीना राय डॉ अमिता पांडे, डॉ मंजू श्रीवास्तव, डॉ. विजय प्रताप, मैथ विभाग के डॉ. भूपेश त्रिपाठी, समाज शास्त्र से डॉ. राम चिरंजीवी और शोध छात्र रूपेंद्र कुमार यादव, सुरेश कुमार, स्वप्निल, सलमान, राहुल एवं कॉलेज के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।














## संगम पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

सी एम पी डिग्री कॉलेज के प्राचीन इतिहास विभाग के स्नातकोत्तर छात्र व छात्राओं द्वारा दिनांक 18-05-2023 को संगम पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही प्राचीन इमारतों के संरक्षण एवं उनके आस पास वातावरण स्वच्छ रखने हेतु जन जागरूकता अभियान भी किया गया। उक्त अवसर पर अवनीश, अनुज, सचिन, राजसिन्हा, मोहित, प्रदीप कुमार संत, अनामिका, शिखा यादव, सीमा, विशाखा, अनुराग मणि सहित डॉक्टर द्रुपद व डॉक्टर अंजनि सम्मिलित रहे ।


vivo V23 · MUSAFIR anurag
May 18, 2023, 16.48


डिग्री कॉलेज


सी.एम.पी.डिग्री कॉलेज
बौद्धिक उन्नयन प्रकोष्ठ
vivo V23 · MUSAFIR anurag
May 18, 2023, 16:25


सी.एम.पी.डिग्री कॉलेज
बौद्धिक उन्नयन प्रकोष्ठ
INTERNATIONAL
GPS Map Camera
Prayagraj, Uttar Pradesh, India
CVJH+428, fort, Prayagraj, Uttar Pradesh 211005, India
Lat 25.429901°
Long 81.878073°
18/05/23 04:30 PM GMT +05:30
Google

सी एम पी कॉलेज के भूगोल विभाग में सेव एनवायरनमेंट सेव अर्थ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 2 मई 2023 को किया गया। साथ ही प्लास्टिक शुड बी बैंड विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अर्चना राजे ने की । इन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पर्यावरण का महत्व और पर्यावरणीय समस्याओं के बारे में बच्चो को अवगत कराया । कार्यक्रम का संचालन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रणय कांत विश्वास ने किया । पोस्टर प्रतियोगिता मे सुरभि कुशवाहा ( एम. ए. द्वितीय सेमेस्टर ) ने प्रथम स्थान , चारु रॉय ( बी. ए. प्रथम वर्ष ) ने द्वितीय स्थान , शिव्या शंकर ( बी. ए. द्वितीय वर्ष ) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में आदित्य राज सिंह ( एम. ए. चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्रथम, वैभव मिश्रा ( एम. ए. द्वितीय सेमेस्टर ) ने द्वितीय स्थान , शिव्या शंकर ( बी. ए. द्वितीय वर्ष) और शिवांशी ( बी. ए. द्वितीय वर्ष) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया । विजेताओं की घोषणा असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ उत्तरा सिंह ने की।






## सीएमपी डिग्री कॉलेज में पृथ्वी दिवस के मौके पर छात्रों को किया गया जागरूक

सीएमपी डिग्री कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से आज पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन की गई जिसमें एमएससी के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के बीजों को एकत्र किया गया तथा कालेज परिसर में पार्थेनियम (गाजर घास) को कॉलेज परिसर से खत्म करने का संकल्प लिया गया| इस मौके पर वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ दीपक कुमार गौड़ द्वारा पार्थेनियम से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया तथा इसको कैसे परिसर से खत्म किया जा सकता है इसके बारे में भी चर्चा किया| इस मौके पर वनस्पति विज्ञान विभाग के तरफ से डॉ आलोक कुमार सिंह, डॉक्टर संजय सिंह, डॉक्टर मीना राय डॉक्टर, डॉक्टर अमिता पांडे, डॉक्टर मंजू श्रीवास्तव, डॉक्टर सरिता श्रीवास्तव और शोध छात्र रूपेंद्र कुमार यादव, सुरेश कुमार, स्वप्निल रुचि मानी, एवं एमएससी के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे|



Parthenium
Free
Campus
WORLD EARTH DAY
22 APRIL
Parthenium
Free
CMP Degree College


Shot on OnePlus




## विश्व जल संरक्षण दिवस मनाया।

सी एम पी महाविद्यालय प्रयागराज की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई 30 , 32 व 27 का एक दिवसीय कार्यक्रम दिनांक 22/3/2023 को सम्पन्न हुआ। जल की हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका है परन्तु जल का समुचित उपयोग न होने के कारण इसकी मात्रा दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है अतएव प्रतिवर्ष बाईस मार्च को विश्व जल संरक्षण दिवस मनाया जाता है।विश्व जल संरक्षण दिवस के अवसर पर आज के शिविर में जल संरक्षण पर सम्भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमे छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार दिए।इस प्रतियोगिता में लगभग सभी प्रतिभागी इस बात से सहमत थे कि जल संरक्षण के लिए हमें अपनी दैनिक जीवन पद्धति में सुधार करना होगा।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुराधा सिंह ने भारत में भूमिगत जल के गिरते स्तर के कारणों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम अधिकारी डॉ नन्दिनी रायजादा ने बताया कि दैनिक जीवन में कैसे हम जल की बचत कर सकते हैं।ईकाई 27 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमेश सिंह ने जल के समुचित उपयोग का आग्रह किया।कार्यकम में राधा, अनिका, अनुष्का, आकांक्षा, पूजा,इशिता,सेजल,दृष्टि सिंह,सुभ्रा यादव दिव्यानी,हिमान्शु सिंह,पार्थ शुक्ला आदि ने प्रतिभाग किया।मंच संचालन सुकृति पाण्डेय व शिवानी सिंह ने किया


G. N. VERMA INTERNATIONAL MOOT COURT SOCIETY
राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME
NOT ME BUT YOU
CMP DEGREE COLLEGE
UNIVERSITY OF ALLAHABAD, PRAYAGRAJ
GPS Map Camera
Prayagraj, Uttar Pradesh, India
250, Kydganj, Prayagraj, Uttar Pradesh 211003, India
Lat 25.446843°
Long 81.840708°
22/03/23 11:54 AM GMT +05:30
Google


VERMA INTERNATIONAL MOOT CO
GPS Map Camera
Prayagraj, Uttar Pradesh, India
250, Kydganj, Prayagraj, Uttar Pradesh 211003, India
Lat 25.446843°
Long 81.840708°
22/03/23 12:41 PM GMT +05:30
Google

सीएमपी डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई संख्या 26 एवं 28 के द्वारा दिनांक 21/02/2023 कोएक दिवसीय शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश कुमार यादव एवं डॉ प्रमोद कुमार जी के नेतृत्व में स्वयंसेवको ने प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाए जा रहे महाअभियान "स्वच्छ भारत -स्वस्थ भारत अभियान " को जन जन तक पहुंचाने के लिए जागरूकता रैली निकालकर एवं संगम क्षेत्र में गंगा घाटों पर सफाई अभियान चलाया। महाविद्यालय में सभी छात्रों को साफ सफाई से रहने एवं गंदगी न फैलाने के लिए जागरूक किया गया।इसके साथ ही दोनों इकाई के सभी बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली यह रैली सीएमपी महाविद्यालय से त्रिवेणी-संगम के रामघाट तक ले जाई गई।

बच्चे गंगा मैया के नारे - गंगा रक्षा भारत रक्षा

गंगा बचाओ देश बचाओ।

गंगा में पाप धोएं न कि गंदगी।

इत्यादि नारे लगते हुए संगम क्षेत्र में प्रवेश किया एवं रामघाट गंगा घाट पर पहुंच कर बच्चों के साथ में कार्यक्रम अधिकारी भी घाट की साफ सफाई किए।




GPS Map Camera
Prayagraj, Uttar Pradesh, India
CVMJ+9WH, Jagdish Ramp Marg, Kumbh Mela Area I,
Prayagraj, Uttar Pradesh 211005, India
Lat 25.434711°
Long 81.883158°
21/02/23 11:52 AM GMT +05:30
Google







**क्लीन सी.एम.पी. ग्रीन सी.एम.पी. अभियान**

कॉलेज की ब्यूटीफिकेशन समिति एवं यूथ ग्रीन ब्रिगेड तथा एन.एस.एस. के संयुक्त प्रावधान में क्लीन सी.एम.पी. ग्रीन सी.एम.पी. अभियान को दिनांक 20 जनवरी 2023 को आगे बढ़ाया गया। इसकी शुरुवात कालेज के यशस्वी प्राचार्य प्रोफेसर अजय प्रकाश खरे के प्रेरणास्पद संबोधन से हुई।

एन.एस.एस. के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश कुमार यादव,कार्यक्रम अधिकारी डॉ राम चिरंजीव, डॉ प्रमोद कुमार तथा डॉ मनीष कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने इस कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भागीदारी किया तथा साथ ही कॉलेज के अन्य विद्यार्थी भी इस अभियान में अपना योगदान दिये। इस अभियान के तहत कालेज परिसर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने के लिए विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का सृजन करना एवं कालेज परिसर में स्वच्छता को बनाए रखने में सहयोग करने के लिए आह्वान किया गया।


NATIONAL SERVICE SCHEME
GPS Map Camera
Prayagraj Division, Uttar Pradesh, India
CVW5+6MR, George Town, Prayagraj, Uttar Pradesh 211002,
Long 81.859145°
Lat 25.445617°
20/1/2023 12:44 PM
Google


GPS Map Camera
Prayagraj Division, Uttar Pradesh, India
CVW5+6MR, George Town, Prayagraj, Uttar Pradesh 211002,
Long 81.859145°
Lat 25.445617°
20/1/2023 12:47 PM
Google


GPS Map Camera
Prayagraj Division, Uttar Pradesh, India
CVW5+6CC, George Town, Prayagraj, Uttar Pradesh 211002,
Long 81.858511°
Lat 25.445558°
20/1/2023 12:50 PM
Google


GPS Map Camera
Prayagraj Division, Uttar Pradesh, India
CVW5+6MR, George Town, Prayagraj, Uttar Pradesh 211002,
Long 81.859145°
Lat 25.445617°
20/1/2023 12:52 PM
Google




राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस समाज में प्रदूषण के प्रति जागरूकता फ़ैलाने हेतु मनाया जाता है। 2 दिसंबर 1984 भोपाल गैस त्रासदी हुई थी जिसमें मिथाइल आइसो सायनेट गैस के रिसाव के कारण हज़ारो बेकसूर लोग मारे गए थे। प्रदूषण से होने वाली जन हानि किसी भी बीमारी से होने वाली मृत्यु से अधिक होती है। अतएव जागरूकता एवं समझ तथा प्रदूषण नियंत्रण एवं निवारण के माध्यम से हम जन हानि कम कर सकते है तथा प्राकृतिक स्रोतों का संरक्षण भी कर सकते है। इसी क्रम में दिनाँक 02.12.2022 को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर रसायन विभाग, चौधरी महादेव प्रसाद महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत शोधार्थियों एवं शिक्षकों के मध्य कपड़े से बनें झोलों का वितरण किया गया।इन झोलों के माध्यम से उनके बीच यह सन्देश प्रसारित करने का प्रयास किया गया की प्लास्टिक एवं पॉलीथीन का प्रयोग न करें एवं यह झोला सदैव अपने साथ रखें और बाजार से वस्तुएँ खरीदते समय पॉलीथीन को ना कहें जिससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह सके। इन झोलों का वितरण डॉ० अर्चना पाण्डेय एसोसिएट प्रोफेसर रसायन विभाग के सौजन्य से किया गया। इस कार्यक्रम में विधार्थियों एवं शोधार्थियों तथा शिक्षकों को पर्यावरण को संरक्षित करने की

शपथ दिलाई गयी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० अजय प्रकाश खरे ने अपने उदबोधन में पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार को अपनाने पर बल दिया। रसायन विज्ञान विभाग के डॉ० संतोष कुमार श्रीवास्तव ने "पर्यावरण प्रदूषण एवं प्लास्टिक मुक्त भारत" विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा की हमें प्रकृति से सिर्फ लेना ही नहीं, प्रकृति को देना भी सीखना होगा। प्रकृति का दोहन करते हुए हमने उसे कचरा घर बना दिया है। आज हमारे समुद्र, जलीय संरचनाएं तथा पर्वत एवं समतल मैदान कचरों से पटे पड़े हैं और इसका निस्तारण बड़ी समस्या है। इनमें से अधिकतर कचरों का प्राकृतिक विघटन संभव नहीं है और कुछ जैसे पॉलीथीन एवं प्लास्टिक तो हज़ारो वर्षों तक विघटित नहीं होंगे तथा ये हमारे जमीन के अंदर एक परत बना ले रहे है जिसका परिणाम यह हो रहा है कि बरसात का पानी पृथ्वी की निचली सतह में नहीं पहुँच पा रहा है और हमारे पृथ्वी के अंदर जल स्तर में लगातार गिरावट हो रही है क्योकि प्राकृतिक जल का दोहन ज्यादा हो रहा है और उसे हम रिचार्ज नहीं कर पा रहे है। डॉ० संतोष ने अपील की कि हमें ऐसे विकास का भागी होना चाहिए जिससे प्रकृति की विविधता कायम रहे। आज इस अवसर पर हम संकल्प लें कि हम कोई भी ऐसा कार्य ना करें जिससे हमारे वातावरण को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से नुकसान पहुँचे। अतएव अभी से हम सभी अपने कार्य प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन कर प्रकृति संवर्धन प्रक्रिया का हिस्सा बनें। समन्वयक डॉ० बबिता अग्रवाल ने इस कार्यक्रम के उद्देश्यों से जनमानस को अवगत कराया तथा डॉ० प्रवीण सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उपरोक्त कार्यक्रम में शपथ काजल सिंह द्वारा दिलाई गयी। इस अवसर पर डॉ० मोनिका, डॉ० अकरम, डॉ० रंजीत, डॉ० अशोक, डॉ० अनिल, डॉ० प्रवीण त्रिपाठी, डॉ० हिमानी, डॉ० आरती, डॉ० मृदुला, प्रगति, अश्वनी, निवेदिता एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा अध्यापक कर्मचारीगण उपस्थित रहें। मंच संचालन डॉ० अकरम ने किया।





स्वागतम




CONTROL



**उत्तर भारत का पहला विज्ञान अकादमी द्वारा संचालित दो दिवसीय कार्यशाला सीएमपी महाविद्यालय में संपन्न**

सी.एम.पी. महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में विज्ञान अकादमी द्वारा आयोजित दूसरे दिन का शुभारंभ प्रोफेसर आर आर राव मानद वैज्ञानिक बेंगलुरु के व्याख्यान से प्रस्तुत हुआ। डॉ राव का व्याख्यान संकटग्रस्त पादपीय आवासों और संकटग्रस्त पौधों का संरक्षण: भारत की चिंताएँ और प्रतिक्रियाएँ पर था। अपने इस व्याख्यान में डॉ राव ने बताया कि पृथ्वी पर पाए जाने वाला प्रत्येक पौधा एक विशेष गुण रखता है यदि इन पौधों को बचाया नहीं गया तो यह हमारे देश के लिए आने वाले समय में चिंता का विषय होगा। डॉ राव ने बतलाया की जैव विविधता के छरण का मुख्य कारण देश में बढ़ती हुई जनसंख्या, शहरीकरण, सड़कों का बनना, तमाम मानव जनित क्रियाएं जैसे औषधि पौधों ,सजावटी पौधों आदि का अधिक उपयोग होना मुख्य कारण है इसके अलावा बाहरी खरपतवार का आना, जंगल में आग का लगना ,स्थानांतरण खेती, खनन क्रियाएं आदि भी जैवविविधता को कम करते हैं । जैव विविधता के क्षरण को रोकने के लिए आई यू सी एन एक रेड लिस्ट जारी किया है जिससे पता चलता है कि पूरे विश्व में और अपने देश में भी कौन-कौन सी प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। हमारा देश इसके प्रतिक्रिया में पादप संरक्षण के लिए बायोडायवर्सिटी बिल नेशनल पार्क ,वाइल्ड लाइफ सेंचुरी ,टाइगर रिजर्व ,रामसर साइट जैसे जगहों पर पौधों का संरक्षण किया जा रहा है। प्रथम सत्र का दूसरा व्याख्यान डॉक्टर यू सी लवानिया भूतपूर्व वैज्ञानिक सी मैप लखनऊ द्वारा गुणसूत्र विविधता और जिनोमिक क्षेत्र पर प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया की गुणसूत्र और उनके ऑर्गनाइजेशन पर काम करना बहुत ही कठिन है पौधों और जंतुओं के

गुणसूत्रों पर प्रकाश डालते हुए बताया की पौधों के गुणसूत्र के काम करना जंतुओं के गुणसूत्र की तुलना में कठिन होता है क्योंकि पौधों की कोशिकाएं कोशिका भित्ति से घिरी होती हैं अपने व्याख्यान में रिपिटेटिव डीएनए, पैकिंग ऑफ़ डीएनए, क्रोमेटिक कंडेंसेशन, ओरियंटेशन एंड ऑर्गेनाइजेशन आफ क्रोमोजोम ,सोमेटिक वेरिएशन ,पॉलिप्लॉयडी आदि पर चर्चा की। प्रथम सत्र का तीसरा व्याख्यान भूतपूर्व विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग प्रोफेसर डी के चौहान ने जैव विविधता संकट पर व्याख्यान प्रस्तुत किया और बतलाया पृथ्वी पर पाए जाने वाले सभी प्रकार के जीव जंतु बैक्टीरिया आदि की विविधताएं बहुत आवश्यक हैं क्योंकि यह एक दूसरे से संबंधित होते हैं ।प्रोफेसर चौहान ने जेनेटिक डायवर्सिटी, स्पीशीज डायवर्सिटी, इकोलॉजिकल डायवर्सिटी आदि को बताते हुए जैवविविधता या बायोडायवर्सिटी की उपयोगिता पर विशेष प्रकाश डाला और कहां कि पृथ्वी पर पाए जाने जाने वाला हर एक पौधा औषधि गुण रखता है और हम सबको इसका संरक्षण करना चाहिए अपने व्याख्यान में बायोडायवर्सिटी हॉटस्पॉट, इंडियन मेगा डायवर्सिटी, बायोडायवर्सिटी लॉस, बायोडायवर्सिटी क्राइसिस आदि पर प्रकाश डाला। सत्र का तीसरा व्याख्यान प्रोफ़ेसर मधुलिका अग्रवाल वनस्पति विज्ञान विभाग बीएचयू ने जलवायु परिवर्तन और उसके परिणाम पर व्याख्यान प्रस्तुत किया और बतलाया की जलवायु परिवर्तन के कारण दिन का लंबा होना उसके तापमान में वृद्धि होना ,रात के तापमान में वृद्धि होना, मौसम में बदलाव आदि जलवायु परिवर्तन के मुख्य प्रभाव हैं परिवर्तन का एक बड़ा मुख्य कारण ग्रीन हाउस इफेक्ट भी है देश में बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण, फैक्ट्रियों का निर्माण, जंगलों का काटा जाना आदि के वजह से ग्रीनहाउस गैसेस का उत्सर्जन लगातार होता जा रहा है जिस के दुष्प्रभाव से पृथ्वी के तापमान में वृद्धि ,सागर के तापमान में वृद्धि ,साइक्लोन का आना, बाढ़ ,भू चरण, सूखा और इसके कई दुष्प्रभाव कृषि ,वाइल्ड लाइफ आदि पर पढ़ रहा है इसकी रोकथाम के लिए पूरे विश्व में इस तरह के गैसों के निकास पर रोक लगाना होगा। सत्र का आखिरी व्याख्यान मानद सदस्य आईएएस प्रोफेसर संजय कुमार सामंत्री प्रेजेडसिडेंट इंडियन क्लाइमेट चेंज कांग्रेश द्वारा दिया गया और अपना व्याख्यान जल संकट और जल प्रबंधन पर दिया और उन्होंने बतलाया कि किन-किन तरीकों से जल संरक्षण किया जा सकता है।सत्र के दूसरे सत्यापन सत्र में डॉक्टर सरिता श्रीवास्तव 2 दिन की कार्यशाला का संक्षिप्त परिचय देते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस सत्र में प्रोफेसर लवानिया ने बताया कि इस तरह की कार्यशाला उत्तर भारत में संचालित नहीं किया गया है और इस तरह की आयोजन से छात्रों को इसका पूरा लाभ मिलता है। डॉक्टर राव ने भी इस सत्र में सबको बधाई दी और बताया कि इस के कार्यशाला को भविष्य मैं और बेहतर बनाने हेतु आप अपनी सुझाव हमें दे सकते हैं। सत्र के दौरान छात्रों ने भी अपना फीडबैक दिया और बतलाया कि हम सब ने इस वर्कशॉप से काफी कुछ सीखा। प्राचार्य प्रोफेसर अजय प्रकाश खरें ने अपने उद्बोधन में बताया की क्लाइमेट चेंज में

हम सब की भूमिका है और हमको इस तरह की भूमिका निभाना चाहिए जिससे कि सतत विकास हो सके। प्रोफेसर शेखर श्रीवास्तव इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने सबको धन्यवाद देते हुए बतलाया की ग्लोबल वार्मिंग मुख्य कारण है क्लाइमेट चेंज का जिसे हमें रोकना चाहिए। सत्र के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर सरिता श्रीवास्तव द्वारा दिया गया। आज के पूरे सत्र का संचालन विपुल मिश्रा ने सुचारू ढंग से संचालित किया।इस अवसर पर प्रोफेसर गिरिजेश कुमार, डॉक्टर प्रतीक श्रीवास्तव वनस्पति विज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय डॉ आरती गर्ग डायरेक्टर बीएसआई इलाहाबाद, व विभाग के समस्त शिक्षक गण डॉ मंजू श्रीवास्तव, डॉ मीना राय, डॉक्टर संजय सिंह डॉक्टर अमिता पांडे डॉ अविनाश प्रताप सिंह, डॉक्टर आलोक कुमार सिंह डॉ नेहा पांडे, डॉक्टर दीपक कुमार गौड़, डॉक्टर कीर्ति राजे सिंह, डॉक्टर विजय प्रताप सिंह, डॉ यशवंत, डॉक्टर अर्चना पांडे, डॉक्टर संतोष कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।



लिया। राष्ट्रीय लोक दल की प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह विक्रम सैनी ने रालोद के मजबूत आयेगी।

# `विज्ञान अकादमी द्वारा प्रायोजित सीएमपी महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला'

प्रयागराज ससी.एम.पी. महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग मे विज्ञान अकादमी द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला 16 व 17 नवंबर 2022 को




आयोजित किया जा रहा है । यह कार्यशाला 'जलवायु परिवर्तन का पर्यावरण और जैव विविधता पर प्रभाव' विषय पर आयोजित है। आज कार्यशाला के प्रथम दिन इसकी संचालिका व समन्वयक डॉक्टर सरिता श्रीवास्तव ने अपने शुरुआती उद्बोधन में कार्यशाला में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का औपचारिक उदघाटन डॉक्टर आर आर राव, प्रोफेसर आर यस वर्मा व प्राचार्य प्रोफेसर अजय प्रकाश खरे द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में देश भर से लगभग 170 से अधिक प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर अजय प्रकाश खरे द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया व कार्यशाला से संबंधित संक्षिप्त चर्चा की गयी। इस अवसर पर प्राचार्य ने बताया कि यह हमारे कॉलेज के लिए बड़ा ही हर्ष का विषय है की देश की तीन विज्ञान अकादमी द्वारा यह कार्यशाला हमारे कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कॉलेज के प्रेसिडेंट चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संक्षिप्त में विषय पर चर्चा की और बताया कि यह विषय मानव अस्तित्व से जुड़ा है। उन्होंने बताया की हाल ही में मौसम के बदलाव को महसूस करते हुए हम लोगों ने देखा कि जो बारिश अगस्त और सितंबर में होनी चाहिए थी वह इस वर्ष अक्टूबर में हुई इस तरह के सभी बदलाव क्लाइमेट चेंज की वजह से हो रहे हैं। एम.एन.आई.टी के निदेशक प्रोफेसर आर एस वर्मा द्वारा कार्यशाला के विषय एवं उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा करते हुए विषय के नए आयामों एवं तकनीकी से परिचय कराया गया। उन्होंने बताया की कार्यशाला का विषय इस समय सबसे ज्यादा चर्चा होने वाला विषय है। जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण ओजोन डिप्लीशन , प्रदूषण व पेड़ों का कटाव है। जलवायु परिवर्तन के साथ–साथ हमें यह भी जानना जरूरी है कि यह जलवायु परिवर्तन क्यों हो रहा है और इनके सतत विकास कैसे किए जा सकते हैं । इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि व प्रवक्ता डॉक्टर आरआर राव , मानद वैज्ञानिक आई एन एस ए, बेंगलुरु ने देश के तीन विज्ञान अकादमी की भूमिका पर विस्तार से चर्चा किया व बतलाया की इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य छात्रों पर विज्ञान की छवि डालना है। साइंस एजुकेशन पैनल, समर रिसर्च फैलोशिप, रेजोनेंस जर्नल, लेक्चर वर्कशॉप फॉर कॉलेजेस आदि का लाभ छात्रों, कॉलेज के अध्यापकों, वैज्ञानिकों को लेने की आवश्यकता है। उदघाटन सत्र के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन डॉ अमिता पांडे समन्वयक वनस्पति विज्ञान विभाग सीएमपी डिग्री कॉलेज द्वारा किया गया।इस अवसर पर सभी अतिथि गणों द्वारा सार पुस्तिका का अनावरण भी किया गया।तकनीकी सत्र के प्रथम चरण में सीमैप बेंगलुरु के भूतपूर्व वैज्ञानिक व मानद वैज्ञानिक डॉक्टर आर आर राव द्वारा 'हमारी विविधता हमारी विरासत' पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ राव ने अपने व्याख्यान में सिनकोना प्लांट से मलेरिया की दवा व रबर प्लांट के खोज की चर्चा विस्तार से की और बतलाया की एक पौधा पूरे मानव सभ्यता को बदल सकता है। उन्होंने बतलाया कि इस तरह की खोज के लिए पारंपरिक ज्ञान का होना बहुत जरूरी है। अपने व्याख्यान में विस्तृत चर्चा करते हुए बायोडायवर्सिटी आफ इंडिया ,बायोडायवर्सिटी आप फैमिली, बायोडायवर्सिटी आफ जीनस, बायोडायवर्सिटी ऑफिस स्पीशीज, हॉटस्पॉट ऑफ इंडिया, इंपॉर्टेंस ऑफ बायोडायवर्सिटी,मेगा बायोडायवर्सिटी आदि पर विस्तृत चर्चा की। सत्र के द्वितीय चरण में डॉक्टर यूसी श्रीवास्तव एफ. एन.ए.सी., इलाहाबाद ने जलवायु परिवर्तन के कारण पर विस्तृत चर्चा की। सत्र के तीसरे चरण में प्रोफेसर शशि पांडे राय बी.एफ. एस, वनस्पति विज्ञान विभाग, बीएचयू ने पर्यावरण की स्थिति की संभावनाएं औषधीय पौधों में माध्यमिक उपापचय और इसके पारिस्थितिक परिणाम पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर प्रोफेसर डी के चौहान, प्रोफेसर गिरिजेश कुमार वनस्पति विज्ञान विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय, डॉ आरती गर्ग डायरेक्टर बीएसआई इलाहाबाद, व विभाग के समस्त शिक्षक गण डॉ मंजू श्रीवास्तव, डॉ मीना राय, डॉक्टर संजय सिंह डॉक्टर अमिता पांडे डॉ अविनाश प्रताप सिंह, डॉक्टर आलोक कुमार सिंह डॉ नेहा पांडे, डॉक्टर दीपक कुमार गौड़, डॉक्टर कीर्ति राजे सिंह, डॉक्टर विजय प्रताप सिंह, डॉ यशवंत, डॉक्टर अर्चना पांडे, डॉक्टर संतोष कुमार श्रीवास्तव आदि भी उपस्थित रहे।

## क्राइस्ट चर्च कॉलेज में स्टेट लेवल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

लखनऊ, एजेंसी। राज ताइक्वांडो अकादमी ने क्राइस्ट चर्च कॉलेज के प्रांगण में इंटर स्कूल स्टेट लेवल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया। राजू भारती और जोसेफ जॉर्ज द्वारा संपन्न कराया गया। जिसमे उत्तर प्रदेश के कई जिलों के स्कूलों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में क्राइस्ट चर्च कॉलेज में कोच विमल कुमार, राखी नगर , मान्या और अखिल से प्रैक्टिस प्राप्त करने वाले छात्रों ने 18 मेडल जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। फतेहगढ़ दूसरे स्थान और तीसरे स्थान पर जिला बाराबंकी क्राइस्ट चर्च कॉलेज के 8 स्वर्ण, 5 रजत और 5 कांस पदक हैं।

पूजन का प्रसाद बांटा गया। इस दौरान

# एक पौधा बदल सकता है पूरी मानव सभ्यता

**सीएमपी में विज्ञान अकादमी की ओर से दो दिनी कार्यशाला**

प्रयागराज। सीएमपी महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में विज्ञान अकादमी की ओर से बुधवार को दो दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। कार्यशाला का विषय 'जलवायु परिवर्तन का पर्यावरण और जैव विविधता पर प्रभाव' है। डॉ. आरआर राव, प्रो. आरएस वर्मा व प्राचार्य प्रो.अजय प्रकाश खरे ने औपचारिक उद्घाटन किया।

डॉ. आरआर राव ने अपने व्याख्यान में सिनकोना प्लांट से मलेरिया की दवा व रबर प्लांट के खोज की चर्चा विस्तार से की। कहा कि एक पौधा पूरी मानव सभ्यता को बदल सकता है।

प्रो. अजय प्रकाश खरे ने कहा कि देश की तीन विज्ञान अकादमियों द्वारा यह कार्यशाला कॉलेज में आयोजित की जा रही है। संवाद


**न्यायालय उप जिलाधिकारी बारा, प्रयागराज**

संख्या-- 160/रीडर--बारा दिनांक 11 नवम्बर, 2022 मेरे न्यायालय में विचाराधीन वाद संख्या टी--201902030703512 कृष्णमूर्ति बनाम रमेश कुमार आदि मौजा पाण्डर परगना व तहसील बारा






स्वच्छ भारत 2.0 अभियान के तहत भारत सरकार के खेल एवं युवा मामलों के मंत्री श्री अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में सी एम पी डिग्री कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सातों इकाईयों के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने दिनांक 1 अक्टूबर 2022 को संगम घाट पर उपस्थित होकर स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दिया। इसमें सी एम डिग्री कालेज के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश कुमार यादव, डॉ नन्दिनी रायजादा, डॉ प्रमोद कुमार शर्मा, डॉ राम चिरंजीव पाल तथा खेल एवं युवा मंत्रालय से सम्बन्धित राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे ।









सीएमपी डिग्री कॉलेज के भूगोल विभाग में दिनांक 27 सितंबर 2022 को छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी का विषय पर्यावरण संरक्षण था।कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की संयोजक डॉ अर्चना त्रिपाठी ने की।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचीन इतिहास विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ भावना चौहान, विशिष्ट अतिथि अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रजत श्रीवास्तव थे।संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डी एस एन पीजी कॉलेज,उन्नाव के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री अनिल कुमार थे। उन्होंने मुख्य वक्ता के रूप में पर्यावरण संरक्षण पर विचार व्यक्त करते हुए बताया कि मानव के द्वारा किया जाना अनियोजित विकास विनाश के समान है जिसे संतुलित विकास के माध्यम से मानव एवं प्रकृति के लिए लाभप्रद बनाया जा सकता है। एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र प्रशांत कुशवाहा ने अपने विचार कविता के माध्यम से व्यक्त किया।इनकी कविता का शीर्षक था बिलख रही है प्रकृति हमारी .....

कपिल कुमार सिंह बीए तृतीय वर्ष के छात्र ने विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा साधना ने बताया कि किस प्रकार सस्टेनेबल डेवलपमेंट के माध्यम से पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है। बी ए तृतीय वर्ष के छात्र शशि कुमार यादव ने पर्यावरण संरक्षण के विविध आयामों पर चर्चा की तथा बताया किस प्रकार हमारे धर्म ग्रंथों में पर्यावरण संरक्षण की बात कही गई है। इसे उन्होंने वेदों के श्लोकों के माध्यम से बताने का प्रयास किया। शोध छात्र अपूर्व पांडे ने पर्यावरण के विभिन्न आयामों इकोसेंट्रिक और टेक्नो सेंट्रिक तथा सस्टेनेबल डेवलपमेन्ट पर चर्चा की तथा बताया कि बदलते समय के साथ तकनीकी का प्रयोग करके समन्वित विकास के द्वारा पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है। बी ए तृतीय वर्ष के छात्र अश्वनी पांडे ने बताया कि दैनिक जीवन में सामान्य परिवर्तन करके किस प्रकार से पर्यावरण के विविध घटको का संरक्षण किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि तृतीय विश्व युद्ध जल के कारण होगा। बी ए तृतीय वर्ष के छात्र सुमित गुप्ता ने बताया कि हम केवल एक दिन ही पर्यावरण संरक्षण का दिवस मना करके पर्यावरण को संरक्षित नहीं कर सकते हैं इसके लिए संपूर्ण वर्ष प्रयास करने होंगे। कोरोना काल में आई आपदा का उदाहरण देते हुए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया।बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा काजल श्रीवास ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का उदाहरण देते हुए बताया कि पर्यावरण अवनयन के कारण हमारा वायुमंडल प्रदूषित हुआ है, दिल्ली में हर तीसरा व्यक्ति अस्थमा से पीड़ित है अगर हम अगर हम समय से नहीं चेते तो प्राकृतिक पर्यावरण के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य प्रभावित होगा। शोध छात्रा निशि इफ़्तिख़ार नें विषय पर अपनी बात रखते हुए बताया छोटी छोटी चीजों से पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े प्रयास किए जा सकते हैं, दैनिक जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण के संरक्षण हेतु प्रयास करने पर उन्होंने बल दिया। विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रणय कांत विश्वास ने भारत सरकार के द्वारा विलुप्त चीतों के संरक्षण का उदाहरण देते हुए बताया कि यदि समय पर

पर्यावरण संरक्षण का प्रयास नहीं किया गया तो जिस प्रकार हमारी खाद्य श्रंखला का एक महत्वपूर्ण अंग चीता विलुप्त हुआ है वैसे ही अन्य जीव-जंतुओं और वनस्पतियों के विलुप्त होने का खतरा है।उन्होंने सुंदरवन का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार लोगों ने वहां पर प्राकृतिक आवास के स्थान पर मानव आवासों का विकास किया है जिसके कारण सुंदरवन का प्राकृतिक परितंत्र प्रभावित हो रहा है। विभाग की संयोजक डॉ अर्चना त्रिपाठी ने संगोष्ठी में प्रस्तुतीकरण देने वाले सभी विद्यार्थियों और सहायक प्राध्यापकों का धन्यवाद किया।इस विषय पर उन्होंने कहा कि अरावली पर्वत के अनियंत्रित उखन्नन के कारण आस पास के क्षेत्र में भूमिगत जल का ह्रास हुआ है। हम अपने सामान्य जीवन में परिवर्तन करके व्यक्तिगत स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण कर सकते है।उन्होंने बताया कि भूगोल विभाग के द्वारा भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण के लिए अकादमिक स्तर के साथ-साथ व्यावहारिक स्तर पर प्रयास किए जाते रहेंगे कार्यक्रम का संचालन विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अर्चना राजे ने किया। कार्यक्रम में विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती प्रतिभा सिंह दीक्षित,डॉ उत्तरा सिंह, प्राचीन इतिहास विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ भावना चौहान अंग्रेजी विभाग के डॉ रजत श्रीवास्तव,भौतिकी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अतुल भारद्वाज ने अपने विचार व्यक्त किए तथा विभाग के द्वारा किए जाने प्रयासों की सराहना की।




Students Sym
27,September 2022
Environmental
Conservation
GPS Map Camera
Prayagraj, Uttar Pradesh, India
CVW5+8M7, George Town, Prayagraj, Uttar Pradesh 211002, India
Lat 25.445723°
Long 81.859195°
27/09/22 01:00 PM
Malviya Rd
Google


Environmental
Conservation


GPS Map Camera
Prayagraj, Uttar Pradesh, India
CVW5+8M7, George Town, Prayagraj, Uttar Pradesh 211002, India
Lat 25.445753°
Long 81.859217°
27/09/22 01:55 PM
Malviya Rd
Google


Department of Geography
CMP College,Prayagraj
Environment
Conservation
GPS Map Camera
Prayagraj, Uttar Pradesh, India
CVW5+7MJ, George Town, Prayagraj, Uttar Pradesh 211002, India
Lat 25.445746°
Long 81.859186°
27/09/22 02:17 PM
Malviya Rd
Google


+3


स्वच्छता पखवारा के अंतर्गत दिनांक 13/09/2022 को महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम संयोजक डॉ मुनींद्र कुमार शुक्ल एवं डॉ अखिलेश कुमार यादव के संयुक्त निर्देशन में स्वच्छता पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। आज के इस कार्यक्रम में

डॉ शशिबाला, डॉ अमित सिंह, डॉ चंदन कुमार एवं डॉ ऋतेश त्रिपाठी उपस्थित रहे ।






शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के मिशन के अंतर्गत 1 से 15 सितंबर स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में दिनांक 7 सितंबर को परिसर सौंदर्यीकरण समिति द्वारा सी.एम.पी महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अजय प्रकाश खरे द्वारा की गई। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत Cleanliness गोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता डॉ आभा त्रिपाठी समन्वयक हिंदी विभाग ने की ।कार्यक्रम के विशेष वक्ता डॉ एस पी सिंह संस्कृत विभाग, डॉ.दीनानाथ हिंदी विभाग डॉ. भूपेश त्रिपाठी गणित विभाग रहे। इस कार्यक्रम में स्वच्छता ,स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई साथ ही जागरूकता पर बल दिया गया समिति की संयोजिका डॉ संगीता ने स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में प्रतिदिन प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन समिति के सह संयोजक डॉ अमित कुमार सिंह द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर पवन कुमार यादव द्वारा दिया गया। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में डा. अखिलेश यादव डॉक्टर मुनींद्र शुक्ल डॉ शशि बाला डा. सुमेधा पांडे डॉ. सानू तिवारी डा. रेनू चौधरी डॉ.दीप्ति विष्णु डॉ.सत्य प्रकाश श्रीवास्तव डा.मनोज एवं शोध छात्र उपस्थित रहे।


College Beautification Committee
C.M.P. Degree College, Prayagraj
CLEAN CMP
GREEN CMP
INAUGURAL SESSION
Celebration of Swachhata Pakhwada from 1st to 15th September 2022
Principal
Prof. Ajay Prakash Khare
CMP PG College
Prayagraj
GPS Map Camera
Prayagraj, Uttar Pradesh, India
CVW5+79J, George Town, Prayagraj, Uttar Pradesh 211002, India
Lat 25.445633°
Long 81.858436°
07/09/22 02:56 PM GMT +05:30
Google


College Beautification Committee
C.M.P. Degree College, Prayagraj
CLEAN CMP
GREEN CMP
INAUGURAL SESSION
Celebration of Swachhata Pakhwada from 1st to 15th Septem
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF EDUCATION
DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION
GPS Map Camera
Prayagraj, Uttar Pradesh, India
CVW5+79J, George Town, Prayagraj, Uttar Pradesh 211002, India
Lat 25.445646°
Long 81.858416°
07/09/22 02:44 PM GMT +05:30
Google


College Beautification Committee
C.M.P. Degree College, Prayagraj
CLEAN CMP
GREEN CMP
INAUGURAL SESSION


GPS Map Camera
Prayagraj, Uttar Pradesh, India
CVW5+79J, George Town, Prayagraj, Uttar Pradesh 211002, India
Lat 25.445624°
Long 81.85841°
07/09/22 02:41 PM GMT +05:30
Google




On 26.08.2022, Phase II of "CLEAN CMP GREEN CMP" campaign was organised by College Beautification Committee simultaneously in the main campus and law wing of CMP Degree College. Prof. Ajay Prakash Khare, Principal, CMP Degree College formally initiated the campaign. The campaign was successfully completed in joint collaboration of NSS, Green Youth Brigade and Green Campus Committee. Students of these respective committees, NSS along with PG students of Medieval History Department and Economics Department and students of LLB, LLM, BA LLB, Research Scholars of various departments and all faculty members of the college participated in the campaign.

At this occasion, all committee members and coordinators of other associated committees and faculties of the college were present.


Degree
yagraj
CMP
Malviya Rd
Google
GPS Map Camera
Prayagraj, Uttar Pradesh, India
CVW5+6MR, George Town, Prayagraj, Uttar Pradesh
211002, India
Lat 25.445567°
Long 81.859163°
26/08/22 01:40 PM


शिक्षाशास्त्र विभाग





पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में सी0एम0पी0 डिग्री कॉलेज के द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सतत् विकास पर राष्ट्रीय सेमिनार एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ0 मृदुला त्रिपाठी कोआर्डिनेटर पी0जी0 ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। प्राचार्य डॉ0 बृजेश कुमार, सी0एम0पी0 डिग्री कॉलेज ने अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता करते हुए चौधरी जितेन्द्र नाथ सिंह चेयरमैन गवर्निंग बॉडी, ने कहा कि अब समय आ गया है कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति हम सचेत हो जाएं पिछले 50 वर्षों में जैव विविधता में पचास प्रतिशत का ह्रास हुआ है। जल संकट भयावह रूप लेता जा रहा है। वृक्षारोपण अभियान चलाकर हम इन समस्याओं का सामना कर सकते हैं। मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजीव त्रिपाठी पूर्व डायरेक्टर मोतीलाल नेहरू नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, प्रयागराज ने वर्तमान परिदृश्य में पर्यावरण संरक्षण की उपयोगिता पर बल देते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए जन भागीदारी अतिआवश्यक है। विशिष्ट अतिथि डॉ0 कृष्ण मोहन, पर्यावरण संरक्षक, ने बताया कि वैश्विक वातावरण में भूमंडलीय ऊष्मीकरण के प्रमुख कारण वन का कटना एवं प्रदूषण पर नियंत्रण न करना है, जिससे गंभीर दुष्परिणाम सामने आ रहें हैं। डॉ0 विशाल श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि वर्तमान में इस प्रकार की संगोष्ठी का आयोजन जनजागरूक साबित होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 हिमानी चौरसिया एवं डॉ0 प्रियंका चावला ने किया, तथा समस्त प्रतिभागियों के पुरस्कार एवं प्रमाण पत्रों के वितरण का संचालन डॉ0 विशाल श्रीवास्तव एवं डॉ0 अंजनी कुमार ने किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पी0जी0 एवं शोध छात्रों का इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु विशेष योगदान रहा जिनके प्रतिभाग के कारण यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।


Degree College
Prayagraj




पर्यावरण प्रदुषण और


HAUDHARY MAHADEO PRASAD DEGREE COLLEGE, PRAYAGRA
CMP
Degree College
Prayagraj




INTERNATIONAL WEBINAR ON " COVID-19 AND THE ENVIRONMENT" ORGANIZED BY DEPARTMENT OF ZOOLOGY ON 5TH JUNE 2020

COVID-19 has affected the whole society and the economies of the world. People confined to their homes have to reinvent themselves in a new way of living. These views were expressed by Prof. R.R.Tewari, the Vice-Chancellor of University of Allahabad in the First International Webinar organized by CMP Degree College, speaking as a Chief Guest. He further said that this pandemic has affected the educational system the most but at the same time, we observed some positive effects on the environment and the climate.
In the beginning, Dr. Neerja Kapoor, Convener introduced the topic and the rationale for holding the Seminar on World Environment Day. She welcomed the Chief Guest, Chief Patron, Principal, panellists and the participants of the Webinar. The Principal dr. Brijesh Kumar hoped that the webinar will be a milestone in the history of the College. The Chief Patron, Ch. Jitendra Nath Singh Ji in his Presidential address briefly touched on the evolution and spread of this pandemic and how it has affected our life and the environment. He appreciated the efforts of Convener, zoology for taking the initiative.
The first panellist, Prof. M.M. Goel, former VC of Jagan Nath University, Jaipur said to achieve sustainable development. We have to enhance the quality of life and utilise the natural resources efficiently by keeping the environment clean. He stressed on public participation for environment protection.Mr. Vivek Kakkar from the USA explained in detail about the digital transformation taking place in the world, and how it is affecting the retail sector in the world. Prof. Ganesh Kawadia from Udaipur discussed the trade-off between economic development and the environment. He emphasized that the environment should be given priority over economic growth.
Ms Oksana Kachkan from UK highlighted the changing work culture from office to home and said that organisations are moving to this work culture in this technological changing era. Dr.Iti Garg from DRDO, New Delhi highlighted the clinical aspects and management studies to deal with COVID-19 pandemic. Ms Manvi Tandon from UK emphasized the role of technology in fighting COVID -19. The panellists from other places Dr. Bahram Ramesh from Afghanistan, Dr. Radha Chaube from Varanasi. Prof. B.B. Tiwari from Lucknow, Dr.S.P. Sati from Tehri Garhwal, Dr. Neeraj Kumar from Meerut and Dr. Sudhir Srivastava from Maharashtra threw light on various aspects related to biodiversity, environment protection, economic growth, climate change etc .and the challenges faced during COVID-19.
In the end, Dr. Neerja Kapoor, Convener of the Webinar proposed a hearty vote of thanks to the Chief Guest, Chief Patron, panellists and the participants. Dr. Vandana Mathur, Dr. Uma Rani Agarwal, Dr. Manoj Jaiswal and Dr.ashishKhare helped in conducting the event.

# सीएमपी डिग्री कॉलेज मे पर्यावरण पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार हुआ आयोजित

